**नवादा जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा नवादा, थाना नं0-367, खाता-752, खेसरा-1279, रकवा-0.51/2 एकड़ हरिशचन्द्र पार्क, गैरमजरुआ आम (अनाबाद एवं साधारण) बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांकः 28.11.2018 को प्राप्त राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-पुनर्निविदा का वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा निगम निविदा समिति का दिनांक 21.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः-**

---

उपस्थितिः-

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

<u>कार्यवाहीः-</u>

**1.योजना का नामः-** नवादा जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा नवादा, थाना नं0-367, खाता-752, खेसरा-1279, रकवा-0.51/2 एकड़ हरिशचन्द्र पार्क, गैरमजरुआ आम (अनाबाद एवं साधारण) बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹661.00 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹696.97 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशिः-** | ₹6,51,37,787/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथिः-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथिः-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यमः-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्याः-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**<u>10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-</u>**

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदाः-</u> राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-23/2018-19, दिनांकः 08.08.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था। जिसका पी0आर0 सं0-4420 (नि0नि0) 2018-19 है में दो निविदादाता द्वारा भाग लिया गया था, तथा निगम का आदेश का पत्रांक-2393, दिनांकः 08.08.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित (वर्त्तमान):-</u> विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक 12.01.2019 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 14.01.2019 की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 21.01.2019 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी तरह का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में इस निविदा में सफल निविदादाता (1) आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा एवं (2) बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307 का वित्तीय बीड खोला गया, जिसका सार इस प्रकार हैः-

| क्र0 सं0 | निविदादाता | परिमाण विपत्र की राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित मदों का) | संवेदक द्वारा उद्धृत दर/राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा | ₹6,51,37,787.00 (छः करोड़ एकावन लाख सैतीस हजार सात सौ सतासी रुपये) मात्र | (10.00% Below) ₹5,86,24,008.30 (पाँच करोड़ छीयासी लाख चौबीस हजार आठ दशमलव तीन शून्य रुपये) मात्र | ₹5,86,24,008.30 (पाँच करोड़ छीयासी लाख चौबीस हजार आठ दशमलव तीन शून्य रुपये) मात्र |
| 2 | बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307 | | (5.75.00% Below) ₹6,13,92,364.25 (छः करोड़ तेरह लाख बानवे हजार तीन सौ चौसठ दशमलव दो पाँच रुपये) मात्र | ₹6,13,92,364.25 (छः करोड़ तेरह लाख बानवे हजार तीन सौ चौसठ दशमलव दो पाँच रुपये) मात्र |

उपर्युक्त के आधार पर " आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा" का उद्धृत दर न्यूनतम एवं परिमाण विपत्र की राशि से 10.00% कम है।

अतएव समिति द्वारा "आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा" के पक्ष में उनके द्वारा उद्धृत दर ₹5,86,24,008.30 (पाँच करोड़ छीयासी लाख चौबीस हजार आठ दशमलव तीन शून्य रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन करने की अनुशंसा की गयी है।

**12. निगम निविदा समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 21.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के वित्तीय बीड में न्यूनतम निविदादाता " आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा" का वित्तीय बीड में उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि ₹6,51,37,787.00 (छः करोड़ एकावन लाख सैतीस हजार सात सौ सतासी रुपये) मात्र से 10.00% कम यानि ₹5,86,24,008.30 (पाँच करोड़ छीयासी लाख चौबीस हजार आठ दशमलव तीन शून्य रुपये) मात्र पर उनके पक्ष में कार्य आवंटित किया जाता है। तदनुकूल मुख्य महाप्रबंधक स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

21.1.19
(रंजित प्र0 सिंह)
महाप्रबंधक (दक्षिण)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

Tapeshwar 21.01.19
(तपेश्वर प्र0 साह)
महाप्रबंधक (वित्त)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

21.1.19
(राकेश कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

21/1/2019
(रवि शंकर चौधरी)
संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

21/1/19
(उपेन्द्र नारायण)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

21/1/19
(अमित कुमार)
प्रबंध निदेशक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।